# आत्मा संदेश

## आत्मा, पूर्वी सिंहभूम की किसानोपयोगी गतिविधियों की एक झलक

अप्रैल 2021 – जनवरी 2022 • संयुक्त कृषि भवन, करणडीह, जमशेदपुर, पूर्वी सिंहभूम


## कृषक प्रशिक्षण

आत्मा, सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्स्टेंसन योजनान्तर्गत कृषकों को तकनीकी जानकारी देने हेतू जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमें कृल 570 किसानों के द्वारा कृषि एवं उद्यानिकी विषयों पर प्रशिक्षण पाया। मिट्टी नमूना संग्रहण एवं स्वायल कार्ड का उपयोग, जैविक विधि से सब्जी की खेती, मशरूम उत्पादन, पशुपालन एवं प्रबंधन, रबी फसल प्रबंधन एवं कीट नियंत्रण, समेकित कृषि प्रणाली, रबी में दलहन/तेलहन फसल की खेती विषय पर प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण में जे0एस0एल0पी0एस0 की सखी मंडल की महिला किसानों ने भी भाग लिया प्रशिक्षणोपरांत कृषकों के द्वारा प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त जानकारी से खेती कर फसलों का उत्पादन बढ़ाया।





## कृषक परिभ्रमण

आत्मा, सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्स्टेंसन योजनान्तर्गत कृषकों को जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर कृषक परिभ्रमण कराया जाता है। कृषि के विभिन्न संस्थानों में परिभ्रमण के दौरान किसानों को कृषि के नई तकनीकी की जानकारी दी जाती है ताकि किसान ज्ञान हासिल कर फसल उत्पादन में वृद्धि कर सके। जिला स्तर पर गुड़ाबांदा प्रखंड के सिंगपुरा ग्राम में गर्म जलवायु में होने वाले सेव की खेती में प्रगतिशील कृषक टिंकु कुमार के द्वारा किए जा रहे खेती, जमशेदपुर प्रखंड के गोड़गोड़ा ग्राम में एप्पल बेर की खेती, सुकर पालन एवं मोती की खेती परिभ्रमण, डोभापानी में ड्रीप पद्धति किए जा रहे खेती एवं ग्राफ्टेड बैंगन की खेती एवं शेडनेट के अंदर खेती, में परिभ्रमण कराया गया। जिला, एवं राज्य स्तर पर विभिन्न संस्थान एवं प्रगतिशील कृषक के प्रक्षेत्र में कुल 580 कृषकों को परिभ्रमण कराया गया है।













## कृषक पाठशाला

सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्स्टेंसन योजनान्तर्गत सभी 11 प्रखंडों में खरीफ एवं रबी में 3 पाठशाला का आयोजन किया गया है। एक पाठशाला के अंतर्गत 25 कृषक प्रशिक्षण एवं प्रत्यक्षण कार्यक्रम में भाग लेते है जिसमें से एक प्रगतिशील कृषक को संचलनकर्त्ता सभी की सहमत्ति से चुना जाता है। पाठशाला का संचालन प्रखंड तकनीकी प्रबंधक या तकनीकी प्रबंधक के मार्गदर्शन में चलाया जाता है। कृषक पाठशाला के माध्यम से गेंहू की स्वी विधि, मशरूम उत्पादन एवं मटर की उन्नत खेती कराया गया है।





## कृषक गोष्ठी का आयोजन

खरीफ एवं रबी मौसम में कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कृषकों को कृषि एवं संबद्ध विभाग यथा कृषि, उद्यान, मत्स्य, सहकारिता, पशुपालन एवं गव्य विकास द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्रदान किया गया। कृषि में एफ0 पी0 ओ0, जैविक खेती, **e- NAM** के तहत् कृषकों को पंजीकरण की जानकारी दी गई।



## कृषि एवं उद्यान से संबंधित प्रत्यक्षण –

सब्जी एवं अनाज फसलों के नये प्रभेदों के उत्पादन एवं खेती के नये तकनोकों की जानकारी देने के लिए कृषक के प्रक्षेत्र में प्रत्यक्षण का कार्य कराया जाता है। योजना के अंतर्गत फ्रेंचबीन सह मक्का, एवं मटर की वैज्ञानिक खेती का प्रत्यक्षण 40 किसानों के बीच कराया गया है। इस जिले में फ्रेंचबीन, मटर की खेती नहीं के बराबर होती है। किसानों को फ्रेंचबीन, मटर की खेती को बढ़ावा देने के उदेश्य एवं आय में वृद्धि हेतू नये फसल का प्रत्यक्षण कराया गया है।



## राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजनान्तर्गत प्रत्यक्षण –

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, दलहन योजना अंर्तगत दलहन के उत्पादन में वृद्धि के लिए प्रत्यक्षण का कार्य कराया जा है। इस जिले में 550 हे० रकवा में अरहर,, धान, अरहर सह मक्का, अरहर सह ज्वार, चना एवं मसूर का उन्नत प्रभेदों के उत्पादन में वृद्धि के लिए प्रत्यक्षण का कार्य कराया गया है।

## कृषि यंत्र का वितरण

केन्द्र प्रायोजित योजना पूर्वी भारत में हरित क्रांति विस्तार की योजना एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, दलहन योजना के अंर्तगत 50 प्रतिशत अनुदान पर किसानों को कृषि यंत्र वितरण किया जा रहा है। जिसका लाभ जिले के किसान उठा रहे है। 30 किसानों को पंप सेट, 5 किसानों को रोटावेटर,, 10 किसानों स्प्रेयर वितरण किया गया है।

## आपके अधिकार – आपकी सरकार, आपके द्वार

सरकार के दो वर्ष पुरे के अवसर पर 16 नवम्बर 2021 से 28 दिसम्बर 2021 तक आपके अधिकार – आपकी सरकार, आपके द्वार विभिन्न प्रखंड के पंचायतों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 480 किसान क्रेडिट कार्ड हेतू आवेदन प्राप्त कर किसान क्रेडिट कार्ड वितरण किया गया। जिससे किसान लाभ ले कर उन्नत तरीके से खेती कर आय वृद्धि कर सके।



## उपादान विक्रेताओं का कृषि प्रसार में डिप्लोमा

मैनेज, हैदाराबाद, समेति, झारखंड एवं आत्मा के संयुक्त तत्वाधान में 40 अनुज्ञप्तिधारी कृषि उपादान विक्रेताओं का एक वर्षीय पाठ्यक्रम हेतू क्लास प्रत्येक रविवार को चलाया गया। जिसमें 40 बीज, खाद विक्रेताओं एवं कीटनाशक विक्रताओं के द्वारा 48 रविवार को कृषि संबंधी प्रशिक्षण प्राप्त किया। ग्रामीण क्षेत्र के किसान, उपादान विक्रेतओं से सबसे नजदीक से जुडे रहने के कारण अनुज्ञप्तिधारी कृषि उपदान विक्रेतओं को प्रशिक्षण देने का कार्य किया गया है। उपादान विक्रेताओं द्वारा किसानों को विभिन्न कीटनाशक/फफुंदनाशक, जैव उर्वरक नाशक, रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग एवं उन्नत बीजों से उन्नत फसल उत्पादन के तरीके दुकान में आने वाले किसानों को बता रहे है जिसका लाभ जिले के किसान उठा रहे है। वर्ष 2018 -19 के 36 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया।

## कृषक गोष्ठी सह कृषि प्रदर्शनी

पोटका प्रखंड के भाटीन पंचायत परिसर में कृषक गोष्ठी सह कृषि प्रदर्शनी का आयोजन दिनांक 23.12.2021 को किया गया जिसमें पोटका, जमषेदपुर, पटमदा एवं बोड़ाम प्रखंड के किसान अपने कृषि उत्पाद के साथ कुल कृषक 220 किसान लाभान्वित हुए। कृषि उत्पाद लाने वाले सभी किसानों को प्रोत्साहन हेतू कृषि उपादान वितरण किया गया।





भाटिन पंचायत में लगा कृषि प्रदर्शनी, चार प्रखंड के जुटे सैकड़ों किसान



'प्रदर्शनी से मिलता है किसानों को अवसर'






भाटिन: कृषि मेला में बेहतर रबी फसल हेतु किसान सम्मानित





# प्रस्तावना

श्री राजीव कु0 मिश्रा, परियोजना निदेशक, आत्मा, पूर्वी सिंहभूम

आत्मा, पूर्वी सिंहभूम द्वारा अप्रैल 2021 - जनवरी 2022 तक चलाई गई कृषि की गतिविधियों की जानकारी से संकलित आत्मा संदेश समाचार पत्रिका समर्पित करते हुए अपार हर्ष हो रहा है। इसके माध्यम से आत्मा पूर्वी सिंहभूम द्वारा चलाई जा रही किसानोपयोगी कार्यकलापों की संक्षिप्त झलक का संकलन को अवगत करने का प्रयास किया गया है। जिला स्तर पर उपायुक्त-सह-अध्यक्ष (आत्मा), पूर्वी सिंहभूम एवं उप विकास आयुक्त-सह उपाध्यक्ष (आत्मा), पूर्वी सिंहभूम एवं राज्य स्तर पर नोडल पदाधिकारी (आत्मा),-सह-कृषि निदेशक, झारखंड तथा निदेशक समेति, झारखंड के नियमित मार्गदर्शन का आत्मा के गतिविधियों को गति देने में उल्लेखनीय भूमिका रही है। कृषि एवं सम्बद्ध विभागों के समेकित समन्वय सहयोग के द्वारा (आत्मा), पूर्वी सिंहभूम अपने उद्देश्यों की पूर्ति हेतू सतत् प्रयत्नशील है और आत्मा परिवार उनके सहयोग का सदा आभारी रहेगा।

मेरा पूर्ण विश्वास है कि कृषक भाई-बहनों की जनसहभागिता तथा तथा आत्मा से जुड़े संस्थानों के सतत् सहयोग से जिले के कृषि परिदृश्य में सदाबहार कृषि का मार्ग प्रशस्त होगा।


## संपादक मंडल

| | | |
|---|---|---|
| संरक्षक | : | श्री सुरज कुमार, भा.प्र.से., उपायुक्त - सह - अध्यक्ष (आत्मा), पूर्वी सिंहभूम |
| मुख्य संपादक एवं प्रकाशक | : | श्री राजीव कु0 मिश्रा, परियोजना निदेशक, आत्मा, पूर्वी सिंहभूम |
| संपादक | : | श्रीमति गीता कुमारी, उप परियोजना निदेशक, आत्मा, पूर्वी सिंहभूम |
| टंकण एवं साजसज्जा | : | श्री अर्जुन सोरेन, कम्प्यूटर ऑपरेटर, आत्मा, पूर्वी सिंहभूम |